

# मप्र पर्यटन क्विज-2026 के लिए ऑनलाइन पंजीयन 25 तक

**गत वर्ष 24,489 विद्यार्थियों ने लिया था उत्साहपूर्वक भाग**

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 03 जुलाई।** मध्य प्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परंपराओं, ऐतिहासिक धरोहरों, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक संपदा और पर्यटन की असीम संभावनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा पर्यटन क्विज-2026 का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय क्विज में भाग लेने के लिए विद्यार्थी ऑनलाइन पंजीयन 01 जुलाई से 25 जुलाई 2026 शाम 5.30 बजे तक आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकता है। विद्यार्थियों में पर्यटन के माध्यम से सीखने की प्रवृत्ति को विकसित करने, मध्यप्रदेश पर्यटन की संभावनाओं से जुड़े ज्ञान का संचार करने के उद्देश्य से आयोजित हो रहे इस क्विज में प्रदेश के सभी शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई एवं केंद्रीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं के अध्ययनरत छात्र-छात्राएं सहभागिता कर सकते हैं।

### 7 अगस्त को बूझो जानो फिर देखो अपना प्रदेश की जिला स्तरीय क्विज

मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज-2026 बूझो जानो फिर देखो अपना प्रदेश का जिला स्तरीय आयोजन आगामी 07 अगस्त 2026 को किया जाएगा। पर्यटन क्विज-2026 क्विज में पूछे जाने वाले प्रश्न मध्य प्रदेश के पर्यटन, कला, संस्कृति, धार्मिक, प्राकृतिक परिवेश और ऐतिहासिक संवर्धन पर आधारित होंगे।

जिला स्तर पर प्रतियोगिता दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण की लिखित परीक्षा के आधार पर चयनित शीर्ष 06 टीमों के मध्य द्वितीय चरण में ऑडियो-विजुअल/मल्टीमीडिया आधारित क्विज का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली विद्यालयीन टीम राज्य स्तरीय क्विज में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

### वर्ष 2025 में 24,489 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक लिया था भाग

मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा वर्ष 2025 में आयोजित पर्यटन क्विज प्रतियोगिता में 24,489 विद्यार्थियों ने भागीदारी की तथा 8,163 विद्यालयों ने अपने विद्यार्थियों का पंजीयन कराया। यह उल्लेखनीय सहभागिता विद्यार्थियों में प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहरों के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाती है। पर्यटन क्विज-2026 का ध्येय भी विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थलों से परिचित कराना है, उनमें पर्यटन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा अपने गौरवशाली प्रदेश की विरासत और पर्यटन संभावनाओं से जोड़ना है, ताकि भावी पीढ़ी प्रदेश की अनमोल धरोहरों से परिचित हो सके।

### विजेता टीमों को मिलेगा नि:शुल्क पर्यटन भ्रमण का उपहार

मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा विद्यार्थियों को पर्यटन के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक जिले की प्रथम तीन विजेता टीमों को मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के होटलों में 2 रात्रि एवं 3 दिवस के नि:शुल्क पर्यटन भ्रमण का कूपन प्रदान किया जाएगा। वहीं, अगली तीन उपविजेता टीमों को 1 रात्रि एवं 2 दिवस के नि:शुल्क पर्यटन भ्रमण का कूपन दिया जाएगा। इन कूपनों के अंतर्गत विद्यार्थियों के आने-जाने, आवास, भोजन तथा स्थानीय भ्रमण का संपूर्ण व्यय मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा वहन किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हो सके।

## आकाशीय बिजली से बचाव के उपाय बताए

**श्योपुर, 03 जुलाई।** वर्षा ऋतु के दौरान आकाशीय बिजली (वज्रपात) की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से सतर्कता बरतने की अपील की है। विभाग द्वारा बताया गया है कि मानसून के दौरान विशेष रूप से जून से जुलाई के बीच वज्रपात की घटनाओं की संभावना अधिक रहती है, इसलिए नागरिकों को आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाने चाहिए। जारी सलाह के अनुसार खेतों, निर्माण स्थलों, औद्योगिक क्षेत्रों, लोडिंग-अनलोडिंग स्थलों तथा खुले स्थानों पर कार्य करने वाले लोग विशेष सावधानी बरतें। आकाशीय बिजली के समय ऊँचे पेड़ों, बिजली के खंभों, धातु की वस्तुओं तथा खुले मैदानों से दूर रहें। स्वास्थ्य विभाग ने सलाह दी है कि वज्रपात के दौरान घर या सुरक्षित भवन के अंदर रहें तथा बिजली एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग से बचें। खिड़कियों, दरवाजों, धातु के पाइपों और पानी के संपर्क से भी दूरी बनाए रखें।

# 2,548 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के पदों पर होगी भर्ती

**आवेदन की अंतिम तिथि 13 जुलाई तक**

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 03 जुलाई।** राज्य सरकार ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर पोषण प्रबंधन को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से प्रदेश की विभिन्न बाल विकास परियोजनाओं में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आंगनबाड़ी सहायिकाओं की बड़े पैमाने पर भर्ती करने का निर्णय लिया है। राज्य के विभिन्न जिलों में कुल 2,548 पदों पर योग्य महिला अभ्यर्थियों की नियुक्तियां की जा रही हैं।

**स्थानीय महिलाओं को प्राथमिकता :** भर्ती में स्थानीय पात्रताधारियों को प्राथमिकता मिलेगी। कुल रिक्तियों में से 781 पद आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए और 1,767 पद आंगनवाड़ी सहायिकाओं के लिए निर्धारित किए गए हैं। इन पदों पर चयन के लिए पारदर्शिता और स्थानीय प्रतिनिधित्व को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। नियमों के मुताबिक, आवेदिका का उसी राजस्व ग्राम या शहरी वार्ड का निवासी होना अनिवार्य है, जहां का पद रिक्त है। किसी अन्य ग्राम या वार्ड की महिला इस प्रक्रिया में भाग लेने के लिए पात्र नहीं मानी जाएगी। इससे स्थानीय महिलाओं को प्राथमिकता मिलने से मैदानी स्तर पर सेवाओं का कुशल संचालन सुनिश्चित हो सकेगा।

**ऑनलाइन आवेदन केवल 13 तक स्वीकार होंगे :** भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी रहेगी। इसमें एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से ही आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। इच्छुक महिला अभ्यर्थी चयन पोर्टल पर जाकर 1 जुलाई से अपने आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा कर सकती हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 13 जुलाई निर्धारित की गई है, जबकि भरे गए फॉर्म में किसी भी प्रकार के त्रुटि सुधार के लिए 15 जुलाई क का समय दिया जाएगा। विभाग द्वारा स्पष्ट किया है कि केवल पोर्टल पर प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों को ही स्वीकार किया जाएगा। किसी भी स्तर के कार्यालय में ऑफ लाइन भेजे गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### न्यूनतम योग्यता हायर सेकण्डरी, आयु सीमा 18-35 वर्ष तय

शैक्षणिक योग्यता और आयु सीमा के मापदंडों के अनुसार, दोनों ही पदों के लिए आवेदिकाओं का हायर सेकेंडरी अर्थात 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अन्य राज्यों या अशासकीय बोर्डों की अंकसूचियों को तभी मान्यता दी जाएगी जब वे माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश की समकक्षता सूची में शामिल हों। साथ ही 1 जनवरी 2026 की स्थिति में आवेदिका की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होना आवश्यक है, जिसकी पुष्टि के लिए 10वीं बोर्ड की अंकसूची संलग्न करना अनिवार्य होगा। आवेदन के दौरान सभी आवश्यक प्रमाण-पत्र पीडीएफ प्रारूप में अपलोड करने होंगे, जिसके लिए निर्धारित शुल्क 100 रुपये और 18 प्रतिशत जीएसटी तय किया गया है।

## 5 .40 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**श्योपुर, 03 जुलाई।** जिले में 03 जुलाई को 5.40 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दिनांक 03 जुलाई को कराहल में 27 मिली मीटर एवं श्योपुर, बडौदा, विजयपुर एवं वीरपुर में शून्य मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

इस वर्ष दिनांक 01 जून 2026 से अभी तक जिले में कुल 97.74 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि तक 361.46 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत की वर्षा 822 मिली मीटर है।

## अ .भा . कवि सम्मेलन आज

**श्योपुर, 03 जुलाई।** नगर पालिका श्योपुर के तत्वाधान में संचालित मेला श्री हजारेश्वर महादेव के दौरान मेला रंगमंच पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन 04 जुलाई को रात्रि 9 बजे से किया जा रहा है। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में हास्य रस के प्रसिद्ध कवि शंभू शिखर एवं दिनेश देशी घी, श्रृंगार रस के प्रसिद्ध कवि गजेन्द्र प्रियांशु एवं कवयित्री डॉ भुवन मोहिनी, वीर रस के कवि भूपेन्द्र राठौर एवं विनित चौहान काव्यपाठ करेंगे। नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग एवं मेला अध्यक्ष अकबर अली ने सभी नागरिको से उक्त आयोजन में पधारने का अनुरोध किया है।

## आशा कार्यकर्ताओं को कारण बताओ नोटिस

**श्योपुर, 03 जुलाई।** जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. मुकेश मीणा द्वारा विकासखण्ड विजयपुर के ग्राम रघुनाथपुर एवं दुबावली में नियमित टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुबावली में आशा सुपरवाईजर श्रीमती मिथलेश जाटव अनुपस्थित पायी गई, जिस पर उनको कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसके साथ ही ग्राम जमुर्दी का भ्रमण कर मातृ तथा शिशु स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। आमजन को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के रिकॉर्ड की जाँच और समीक्षा करने हेतु आशा श्रीमती कौशल्या जाटव को रिकार्ड सहित उपस्थित होने के निर्देश दिये गये, लेकिन आशा कार्यकर्ता उपस्थित नही हुई, जिस पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।



# ग्राम संगठन कराहल की बैठक में शामिल हुई सीईओ

**लोक अधिकार केन्द्र का निरीक्षण भी किया**



**श्योपुर, 03 जुलाई।** सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा आज आदिवासी विकासखण्ड मुख्यालय कराहल पर आयोजित एनआरएलएम अंतर्गत संचालित ग्राम स्तरीय संगठन कराहल की बैठक में भाग लिया गया। इस दौरान उन्होंने समूह की दीदीयों के साथ जमीन पर बैठकर चर्चा की गई। जनपद पंचायत परिसर स्थित सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित उक्त बैठक के दौरान परियोजना अधिकारी विक्रम जाट, एनआरएलएम से गिर्राज मीणा, अनिल सक्सैना सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा बैठक के दौरान ग्राम स्तरीय संगठन कराहल की सदस्यों से चर्चा की गई तथा उनके द्वारा संचालित की जा रही आजीविका मूलक गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई, उन्होंने संगठन पदाधिकारियों से चर्चा के दौरान कहा कि संगठन के अंतर्गत संचालित सभी स्वसहायता समूहों से जुडी दीदीयों को लखपति क्लब में शामिल करने हेतु विभिन्न प्रकार की आजीविकामूलक गतिविधियों से जोडने के लिए मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान किया जायें। संगठन की सचिव श्रीमती कलिया बाई ने इस दौरान संगठन द्वारा किये जाने वाले कार्यो के बारे में अवगत कराया।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा इस अवसर पर जेण्डर कार्यक्रम अंतर्गत संचालित लोक अधिकार केन्द्र का निरीक्षण किया तथा लोक अधिकार केन्द्र द्वारा किये जा रहे कार्यो के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। उल्लेखनीय है कि जिले में उक्त प्रोग्राम के तहत तीनों विकासखण्ड मुख्यालयों पर लोक अधिकार केन्द्र संचालित है। इस दौरान उन्होंने आजीविका भवन में संचालित शक्ति सीएलएफ संगठन का निरीक्षण भी किया।

# पति की गला दबाकर हत्या, आरोपी पत्नी को आजीवन कारावास

**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़, 3 जुलाई।** द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अजय कुमार चौहान उनके न्यायालय के एक प्रकरण में पत्नी को पति की गला दबाकर हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक योगेश हरदेनिया ने की

अब योजन कहानी के अनुसार फरियादी सूचना करता शिवराज सिंह के द्वारा दिनांक 9 अप्रैल 2018 को पुलिस थाना पर उपस्थित होकर इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका भतीजा सिंटू उर्फ योगेंद्र जादौन खाना खाकर अपने परिवार व पत्नी के साथ सोया था सुबह करीब 5:00 बजे दूधिया ने आकर बताया कि सिंटू मृत्य अवस्था में पड़ा है उसके गले में वह कंधे में चोट नजर आ रही है तो उसे जाकर देखा के सिंटू उर्फ योगेंद्र जादौन के मौत से खून निकल रहा था उसकी पत्नी प्रीति जादौन घर पर नहीं मिली थी उस घटना की रिपोर्ट पर से पुलिस ने मारा कायम मामूली में जांच प्रारंभ की। जांच के इनकम में आए तथ्यों के आधार पर आधार पर आरोपी प्रीति जादौन निवासी राजा के तोर के विरुद्ध पुलिस थाना से अपराध क्र. 308/2018 अंतर्गत धारा 302 के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट की गई तथा संपूर्ण विवेचना प्रांत आरोपी प्रीत जादौन निवासी राजा का तोर के विरुद्ध न्यायालय में अभियुक्त पत्र प्रस्तुत किया गया अपने साक्ष्य प्रस्तुत की गई तथा न्यायालय ने साक्षी आरोपी की पुत्री बाल साक्षी राखी जालौन का कथन भी अंकित किया गया।




प्रकरण में आयोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य के विवेचक व उभय पक्षों के तर्क श्रवण कर प्रकरण में न्यायालय द्वितीय अपर न्यायाधीश अजय कुमार चौहान ने प्रकरण की आरोपी प्रीति जादौन को अपने पति सिंटू उर्फ योगेंद्र जादौन निवासी राजा का तौर गला की दबाकर हत्या का दोषी पाते हुए 29 जून को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है तथा 5000 का जुर्माना भी लगाया है।

## जनकल्याणकारी साबित हो रही प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना

**श्योपुर, 03 जुलाई।** असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन (पीएम-एसवाईएम) योजना श्रमिकों के भविष्य को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और जनकल्याणकारी पहल साबित हो रही है। योजना के माध्यम से लाखों श्रमिकों को वृद्धावस्था में सम्मानजनक जीवन जीने का आर्थिक आधार उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों से प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है कि यह योजना श्रमिकों को वृद्धावस्था में आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। योजना का लाभ ऐसे असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को दिया जाता है, जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के बीच हो, मासिक आय 15 हजार रुपये तक हो तथा जो आयकरदाता न हों। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत लाभार्थी को अपनी आयु के अनुसार प्रतिमाह 55 रुपये से 200 रुपये तक अंशदान जमा करना होता है। विशेष बात यह है कि श्रमिक द्वारा जमा की गई राशि के बराबर अंशदान भारत सरकार भी प्रदान करती है। 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर लाभार्थी को प्रतिमाह 3 हजार रुपये की सुनिश्चित पेंशन प्राप्त होती है, जिससे उसे वृद्धावस्था में आर्थिक संबल मिलता है। योजना में पंजीयन की सुविधा एमपी ऑनलाइन और कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से उपलब्ध है। इच्छुक श्रमिक आधार कार्ड, बैंक खाते की जानकारी और मोबाइल नंबर के साथ अपने निकटतम एमपी ऑनलाइन केंद्र अथवा कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर आसानी से पंजीयन करा सकते हैं। जिले के सभी असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों से अपील है कि योजना का अधिक से अधिक लाभ लें। ये योजना श्रमिकों के सुरक्षित और सम्मानजनक भविष्य की मजबूत आधारशिला है।

# लंबित आधार बायोमैट्रिक अपडेट शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश

**छात्रों के लिए आधार अब विद्यालय के द्वार अभियान अंतर्गत शिविर जारी**

**श्योपुर, 03 जुलाई।** विद्यार्थियों के लिए आधार अब विद्यालय के द्वार अभियान के तहत 1 जुलाई से 17 अगस्त तक विद्यालयों में शिविर लगाये जा रहे है तथा सभी लंबित आधार बायोमैट्रिक अपडेशन का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया जायेगा।

इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने निर्देश दिये है कि अभियान के तहत स्कूल में लगाये जाने वाले शिविर के दौरान ऑपरेटरों का चिन्हांकन किया गया है। शिविरों के व्यवस्थित आयोजन के संबंध में सभी बीईओ, बीआरसी तथा संकुल प्राचार्यो को निर्देश जारी किये गये है। जिन विद्यार्थियों के आधार का सत्यापन नही हुआ है, उन विद्यार्थियों की सूची पोर्टल से डाउनलोड की जा सकेंगी। सभी स्कूलों में यू-डाइस पोर्टल पर छात्रों के लंबित आधार अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेट की स्थिति उपलब्ध हैं, जिसे शाला प्रभारी अपने लॉगिन पासवर्ड द्वारा निकाल सकते है। सभी प्राचार्यो को निर्देशित किया गया है कि विद्यालय में कोई भी विद्यार्थी आधार नामांकन एवं सत्यापन से वंचित न रहें। जिन विद्यार्थियों के आधार में त्रुटियां है, उनको भी संशोधन किया जायेगा, अभियान के इस चतुर्थ चरण में 17 अगस्त तक 141 विद्यालयों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए तिथिवार शिविर आयोजन का कलैण्डर जारी किया गया है। जिला परियोजना समन्वयक भूपेन्द्र शर्मा ने बताया कि 11 जुलाई से 21 जुलाई तक प्रताप हा.से. स्कूल श्योपुर, बालाजी स्कूल बडौदा, फ्यूचर स्टॉर कान्वेट स्कूल श्योपुर में, 16 जुलाई से 22 जुलाई तक अल्फा इंग्लिश स्कूल श्योपुर, जय दुर्गे हाईस्कूल ढोढर, 21 जुलाई से 25 जुलाई तक शासकीय उमावि प्रेमसर, 22 जुलाई से 27 जुलाई तक राजा भूपेन्द्र सिंह स्कूल बडौदा, श्रीहजारेश्वर स्कूल, शास. उमावि सोईकलां, 23 जुलाई से 28 जुलाई तक राजीव गांधी मेमो. स्कूल बडौदा, शास. उमावि बडौदा, 27 जुलाई से 31 जुलाई तक शास. उमावि ढोढर, 28 से 31 जुलाई तक शास. उमावि मानपुर, शास. मॉडल स्कूल श्योपुर, एकता पब्लिक स्कूल श्योपुर, माधवराव सिंधिया कॉन्वेट स्कूल श्योपुर, महाराजा अग्रसेन हाईस्कूल श्योपुर में शिविरों का आयोजन किया जायेगा।



# श्री हजारेश्वर पार्क में पीएमयूएम शिक्षक संघ की बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 03 जुलाई।** गत दिवस श्री हजारेश्वर पार्क श्योपुर में सांय 5 बजे बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संघ के जिला एवं ब्लॉक प्रभारियों द्वारा संघ के द्वारा होने वाले अगले सहयोग 5 जुलाई से 20 जुलाई पर चर्चा की गई। इस बार के सहयोग में श्योपुर जिले के शिक्षक स्व. मुकेश कुमार दादोरिया का सहयोग होना है श्योपुर जिले एवं सभी ब्लॉक में मौजूद संघ के प्रत्येक पदाधिकारी ने संघ में रजिस्टर्ड प्रत्येक सदस्य से सहयोग की अपील की एवं अधिक से अधिक सहयोग करवाने के प्रयासों पर चर्चा की साथ ही जिन सदस्यों की प्रोफाइल पेंडिंग है उनको शीघ्र एक्टिव करवाने के प्रयासों पर चर्चा की एवं अधिक से अधिक नए रजिस्ट्रेशन करवाने पर भी जोर दिया ।




संगठन के जिला प्रभारी श्योपुर भूपेन्द्र कुमार तिवाड़ी ने बताया कि इस व्यवस्था के अंतर्गत प्रत्येक पंजीकृत सदस्य प्रति दिवंगत कर्मचारी मात्र 45 से 50 की न्यूनतम राशि सीधे संबंधित नॉमिनी के बैंक खाते में ऑनलाइन जमा करता है। इस प्रकार प्रत्येक परिवार को लगभग 26 से 27 लाख तक का सहयोग प्राप्त हो जाता है। सहयोग अभियान प्रत्येक माह 5 से 20 तारीख के मध्य संचालित किया जाता है तथा संपूर्ण प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन एवं पारदर्शी है। संगठन की वेबसाइट के माध्यम से शिक्षा एवं ट्राइबल विभाग का कोई भी कर्मचारी नि:शुल्क पंजीयन करा सकता है।

जून 2026 में संगठन ने एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए चार दिवंगत कर्मचारी परिवारों को लगभग 1 करोड़ 9 लाख का सहयोग प्रदान किया। इस माह पंजीकृत सदस्यों द्वारा कुल 180 प्रति सदस्य का सहयोग कर चारों परिवारों को लगभग 27-27 लाख की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। इस सहयोग के साथ शिक्षक संगठन ने मध्यप्रदेश में कर्मचारी कल्याण एवं पारस्परिक सहयोग का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

संगठन से प्रदेशभर के लगभग 1 लाख 15 हजार शिक्षक एवं शिक्षा ट्राइबल विभाग के कर्मचारी पंजीकृत हो चुके हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिसंबर 2025 से प्रारंभ हुई इस मानवीय पहल के माध्यम से अब तक प्रदेश के 11 दिवंगत कर्मचारी परिवारों को 3 करोड़ 25 लाख से अधिक की सहयोग राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है। यदि मूलतः देखा जाये तो मध्यप्रदेश में इस प्रकार की मानवीय पहल पहली बार प्रारंभ की गई है। यदि ऐसी व्यवस्था पूर्व से लागू होती, तो अनेक दिवंगत कर्मचारियों के परिवारों को समय पर बड़ा आर्थिक संबल मिल सकता था।

बैठक में भूपेंद्र कुमार तिवाड़ी (जिला प्रभारी), आनंदपाल चौधरी (उपाध्यक्ष चंबल संभाग ), ब्रह्मानंद सिंह चौधरी (कोषाध्यक्ष), दिगराज सिंह चारण (जिला संगठन मंत्री), सूरज सिंह सिकरवार (जिला सोशल मीडिया प्रभारी),डॉ सुनील कुमार,सुशील चंद्रा,दिनेश कुमार शर्मा (संकुल प्रभारी पांडोला) आदि मौजूद रहे।

## स्वरोजगार योजना में मिलेंगे एक लाख रुपए

**श्योपुर, 03 जुलाई।** मुख्यमंत्री विमुक्त घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु स्वरोजगार योजना वर्ष 2026-27 के लिए आवेदन भरे जाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। योजना के तहत व्यक्तिमूलक प्रकरण में अधिकतम एक लाख रूपये राशि स्वरोजगार के लिए प्रदाय की जायेगी। सहायक संचालक विमुक्त घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु विभाग यश जैन ने बताया कि योजना के तहत 8 हितग्राहियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस योजना में परियोजना लागत का 25 प्रतिशत अधिकतम राशि 20 हजार रूपये का अनुदान दिया जायेगा। योजना में ऋण राशि पर 6 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज देय होगा। इसके लिए जिले के मूल निवासी 18 से 55 वर्ष के इच्छुक व्यक्ति जो आयकरदाता न हो, समस्त पोर्टल पर अपने आवेदन ऑनलाइन कर सकते है।

## एक नजर में




### श्योपुर शहर सहित सलापुरा एवं ककरधा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**श्योपुर, 03 जुलाई।** सामाजिक न्याय के विभागीय कलाकारों द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के तहत नगर पालिका भवन श्योपुर सहित ग्राम सलापुरा तथा ककरधा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नशामुक्ति का संदेश दिया गया। उप संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती शशिकिरण इक्का ने बताया कि नशामुक्त भारत अभियान एवं विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु विभागीय कलाकारों के दल गठित किये गये है, जिसके क्रम में जाकिर हुसैन दल प्रमुख के नेतृत्व में छतरपुर के कलाकार अजय खरे, कैलाश खरे, दतिया के मुरारी लाल, मुरैना के राकेश श्रीवास्तव, सुशील कुमार ने गीत, संगीत, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नगर पालिका भवन श्योपुर पर, ग्राम सलापुरा तथा ग्राम ककरधा में नशे के दुष्परिणामों के प्रति समुदाय को जागरूक किया गया।





### नव प्रवेशित विद्यार्थियों का दीक्षारंभ समारोह आयोजित

**सबलगढ़, 3 जुलाई।** शासकीय नेहरू महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षांरंभ समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नहब आलम अंसारी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. पवन उपाध्याय शासकीय चिकित्सक द्वारा मां सरस्वती के पूजन एवं माल्यार्पण कर किया गया एवं साथ ही नव प्रवेशित विद्यार्थियों को सुश्री सोनम धाकड़ एवं डॉ. अभिलाषा जैन द्वारा तिलक लगाया गया तिलक लगाने उपरांत महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा आमंत्रित अतिथि एवं नव प्रवेशित विद्यार्थियों को स्वागत भाषण दिया गया दीक्षारंभ समारोह में विभिन्न योजनाओं एवं महाविद्यालय में प्राप्त सुविधाओं की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई आमंत्रित मुख्य वक्ता द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के संबंध में विस्तृत व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. परमानंद कार्यक्रम प्रभारी द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। उक्त समारोह में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र उपस्थित रहे।



### जल स्त्रोतों का क्लोरीनिकेशन जारी

**श्योपुर, 03 जुलाई।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले के सभी जल स्त्रोतों का क्लोरीनिकेशन कराया जा रहा है। पीएचई ईई अफजल अमानुल्ला ने बताया कि मानसून से पहले श्योपुर जिले के तीनों विकासखण्ड में क्लोरीनिकेशन का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में गत गुरुवार को 29 गांवो के 137 हैंडपम्पों एवं अन्य जल स्त्रोतों का क्लोरीनिकेशन किया गया।

### हरियाली अमावस्या पर कलश यात्रा का आयोजन होगा

**श्योपुर, 03 जुलाई।** जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह ने बताया कि जन अभियान परिषद द्वारा हरियाली अमावस्या के अवसर पर कलश यात्रा तथा पौधरोपण के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इसी क्रम में आज रिद्धांशी समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति टर्रा माफी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें हरियाली अमावस्या पर कलश यात्रा, वृक्षारोपण आदि कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।

